आकाशवाणी, गोरखपुर

दिनांक–20 सितम्बर 2024 **सान्ध्य समाचार**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज सुबह गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन के दौरान विभिन्न जिलों से आये करीब तीन सौ लोगों से मुलाकात की और उनकी समस्याए सुनी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनता की समस्याओं का समय से निस्तारण प्रदेश सरकार की विशेष प्राथमिकता में है। इसमें लापरवाही बर्दाश्त नही की जाएगी। उन्होंने कहा कि जमीन कब्जाने वालों को भू माफिया के रूप मे चिन्हित कर उनके खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाए। जमीन संबंधित शिकायतों पर मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि इस तरह के विवादों का समाधान तत्काल किया जाए ताकि पीड़ित व्यक्ति संतुष्ट दिखे और कानून व्यवस्था भी प्रभावित न हो। जनता दर्शन में गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए आर्थिक मदद की मांग लेकर पहुंचे लोगों को मुख्यमंत्री ने आश्वस्त किया कि धन की कमी की वजह से किसी का भी इलाज रूकने नही दिया जाएगा। इससे पूर्व मुख्यमंत्री ने मंदिर परिसर में गो सेवा की और अति दुर्लभ नस्ल में शामिल आन्ध्र प्रदेश की पुंगनूर गाय को दुलारा और उसका हाल जाना। विशेष नस्ल के दो गो वंश को जल्द ही मंदिर स्थित गोशाला में लाया गया है।

****

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि ब्रह्मलीन महंत दिग्विजयनाथ आजीवन भारतीयता के मूल्यों और आर्दशों के लिए लड़ते रहे। उनके बताये मूल्यों और आदर्शो ने भारतीयता के नवनिर्माण, पूर्वी उत्तर प्रदेश और गोरखपुर में सुसंस्कृत समाज की नीव रखी। उनके विचारों और कृतित्वों से हमें आज भी निरंतर आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है। मुख्यमंत्री आज गोरखपुर के गोरखनाथ मंदिर मे आयोजित ब्रह्मलीन महंत दिग्विजयनाथ और महंत अवेद्यनाथ की पुण्यतिथि पर अपने भाव व्यक्त कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सभ्य और समर्थ समाज के लिए पहली आवश्यकता शिक्षा की होती है। इसी उद्देश्य को समझते हुए महंत अवेद्यनाथ ने उन्नीस सौ बत्तीस में महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद की स्थापना की। यह काम धनोपार्जन के लिए नही बल्कि लोक कल्याण के लिए किया गया। श्री योगी ने कहा कि गोरक्षपीठ के संतों के नेतृत्व में जो भी काम हुए वह व्यक्तिगत नाम के लिए नही बल्कि हर काम देश सनातन धर्म और समाज के नाम रहा। श्रद्धांजलि सभा को वशिष्ठ आश्रम अयोध्या धाम से आये पूर्व सांसद डाक्टर राम विलास वेदांती ने भी संबोधित किया।

****

प्रदेश की राज्यपाल और कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल ने आज डाक्टर राम मनोहर लोहिया विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में मेधावियों को एक सौ पन्द्रह स्वर्ण पदक दे कर सम्मानित किया। इस अवसर राज्यपाल ने बहराइच से आई आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को बच्चों के खिलौने और शिक्षा से सबंधित दो सौ किट भी वितरित किये। उन्होंने विश्वविद्यालय प्रशासन की ओर से गोद लिए गये गांव के बच्चों को विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए पुरस्कृत भी किया। इस दौरान उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय भी मौजूद रहे।

****

दिल्ली से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा पीएम विश्वकर्मा योजना के शुभारंभ कार्यक्रम का अयोध्या के आईटीआई में भी सजीव प्रसारण हुआ। इस अवसर पर कार्यक्रम में शामिल हुए उप मुख्यमंत्री केशव मौर्य ने कहा कि प्रधानमंत्री का एक ही लक्ष्य है, गरीबों को अमीर बनाना।

प्रधानमंत्री जी का एक ही लक्ष्य है, जब तक गरीब अमीर नही बनेगा तब तक भारत दुनिया में नम्बर एक नही बनेगा। जैसे उनका लक्ष्य गरीब को अमीर बनाना है और उनके जीवन को खुशहाल बनाना है।

****

समाजवादी पार्टी के भदोही विधायक जाहिद बेग पर एक और एफआइआर दर्ज हुई है। कल मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी की अदालत में आत्मसमर्पण के दौरान जाहिद बेग और उनके समर्थकों पर पुलिस कर्मी से मारपीट के आरोप में ज्ञानपुर कोतवाली में यह मुकदमा दर्ज हुआ है। उधर आत्म समर्पण के बाद विधायक को प्रयागराज के नैनी जेल और उनके बेटे को जिला जेल वाराणसी भेजा गया है। नाबालिग नौकरानी के आत्महत्या मामले मे विधायक ने कल न्यायालय में आत्म समर्पण किया था। दो दिन पहले सह अभियुक्त के तौर पर विधायक के बेटे को पुलिस ने न्यायालय में पेश किया था।

****

प्रदेश में बाढ़ से प्रभावित करीब पचीस जनपदों में प्रशासन ने बचाव कार्य के साथ ही राहत सामग्रियों के वितरण कार्य में तेजी लाई है। इसी क्रम में संतकबीर नगर जिले की धनघटा तहसील क्षेत्र पहुंची प्रभारी मंत्री विजय लक्ष्मी गौतम ने बाढ़ प्रभावित इलाकों का दौरा कर स्थिति का जायजा लिया और बाढ़ पीड़ितो को राहत सामग्री वितरित की। इस दौरान प्रभारी मंत्री ने कहा कि सरकार गरीबों और पीड़ितों के साथ है और उनके हितों के लिए हमेशा तत्पर है। इसी तरह उन्नाव, वाराणसी, बस्ती और गोरखपुर समेत कई जिलों के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में जन प्रतिनिधियों और प्रशासनिक अधिकारियों ने राहत सामग्री का वितरण किया।

****